

# घर से रिश्वतखोर सचिव ट्रैप



**सचिव निलंबित**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रतलाम के प्रतिवेदन अनुसार ग्राम पंचायत कनेरी सचिव सत्यनारायण सरवाड (सेन) द्वारा भू-खण्ड नामांतरण के संबंध में रिश्वत मांगी जाने पर 9 मार्च 2026 को लोकायुक्त टीम द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 4500 रूपये रिश्वत लेते हुए ट्रेप किये जाने के कारण सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

**▸ नामांतरण और निर्माण अनुमति के मांग रहा था रिश्वत**

**रतलाम।** ग्राम कनेरी के पंचायत सचिव ने नामांतरण और भवन निर्माण अनुमति देने के लिए 5000 की मांग की। शिकायत करने वाला प्रेम जब राशि लेकर तेजा नगर स्थित सचिव के घर पहुंचा और जैसे ही राशि दी, वैसे ही लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता प्रेम जैसवार ने उज्जैन में लोकायुक्त पुलिस को शिकायत की थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि मां विंध्यवासिनी ड्रीम सिटी कॉलोनी में उसने दो भूखंड खरीदे थे। इसमें से भूखंड क्रमांक बी-41 पर भवन निर्माण की अनुमति प्राप्त करने और भूखंड क्रमांक 96 का ग्राम पंचायत रिकॉर्ड में नामांतरण कराने का आवेदन दिया था। इस काम के लिए पंचायत सचिव सत्यनारायण सेन द्वारा 5,000 रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही है। लोकायुक्त के उप पुलिस अधीक्षक दिनेश चंद्र पटेल के नेतृत्व में टीम ने सोमवार की रात को कनेरी के पंचायत सचिव सत्यनारायण सेन के तेजा नगर निवास पर कार्रवाई की। यहां पर शिकायतकर्ता से सत्यनारायण ने अपने घर पर 4500 हजार रुपए लिए और टेबल पर रख दिए। मौका देखते ही टीम में मौजूद निरीक्षक हीना डावर, प्रधान आरक्षक हितेश ललावत आरक्षक श्याम शर्मा, संजीव कुमारिया, इसरार ने उसे धरदबोचा।

# 17 को कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे जीवनसिंह

**▸ खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के खिलाफ होगा रतलाम में बड़ा आंदोलन**



**बड़े आंदोलन की चेतावनी**

जीवनसिंह शेरपुर ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द ही मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई वापस नहीं ली तो 17 मार्च को कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन में खनिज विभाग की कथित मनमानी, अवैध खनन और गौचर भूमि पर चल रहे अवैध ईंट भट्टों के मुद्दे को भी जोरदार तरीके से उठाया जाएगा। जीवनसिंह ने साफ शब्दों में कहा कि यदि प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो जिले में खनिज विभाग के खिलाफ बड़ा आंदोलन खड़ा होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** विधानसभा के रिंगनोद में खनिज विभाग द्वारा लोकनिर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही एक सड़क की साईट से राजनैतिक द्वैषता के चलते खनिज विभाग द्वारा की गई, कार्रवाई का मामला अब तुल पकड़ता जा रहा हैं।

ठेकेदार आयुष शर्मा के खिलाफ खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में जीवनसिंह शेरपुर ने बड़ा आंदोलन छेड़ दिया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि खनिज विभाग की कथित गलत कार्रवाई वापस नहीं ली गई तो 17 मार्च को बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जीवनसिंह शेरपुर ने कहा कि इस आंदोलन में खनिज विभाग की मनमानी के साथ-साथ गौचर भूमि पर चल रहे अवैध ईंट भट्टों के साथ ही अन्य मामले में प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी कार्रवाई करने से बच रहा है।

खनिज विभाग की कार्रवाई की सूचना मिलते ही जीवनसिंह शेरपुर अपने समर्थकों के साथ रिंगनोद पुलिस थाने पहुंच गए, जहां अधिकारियों से तीखी बहस के बाद उन्होंने थाने के बाहर ही धरना शुरू कर दिया। सोमवार रात से शुरू हुआ यह धरना पूरी रात चलता रहा और मंगलवार दोपहर 4 बजे तक चला। समर्थकों में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए क्षेत्र में माहौल गर्म बना हुआ है।

**खाली डंपर को बताया मुरम से भरा :** जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह खनिज विभाग ने ठेकेदार आयुष शर्मा की साइट पर अवैध खनन की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो डंपर जब्त कर लिए और उन्हें रिंगनोद थाने पर खड़ा करवा दिया। आरोप है कि ये दोनों डंपर खाली थे, लेकिन खनिज विभाग के अधिकारियों ने उन्हें मुरम से भरा हुआ बताकर जब्त कर लिया। आश्चर्य की बात यह भी रही कि पुलिस ने भी बिना जांच-पड़ताल किए ही इन डंपरों को भरे होने की स्थिति में थाने में रिसीव कर लिया।

**खनिज विभाग के अधिकारी बोले ऊपर से था दबाव:** जब जीवनसिंह शेरपुर ने खनिज विभाग के अधिकारियों से कार्रवाई का कारण पूछा तो बताया जा रहा है कि उन्होंने ऊपर से दबाव होने की बात कही। हालांकि जब उनसे यह पूछा गया कि शिकायत किसने की और किस नेता के दबाव में कार्रवाई की गई, तो मौके पर मौजूद अधिकारी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए।

**फेसबुक लाइव में ये बोले शेरपुर :** धरने के दौरान मंगलवार की शाम 4 बजे जीवनसिंह शेरपुर ने फेसबुक लाइव के माध्यम से पूरे मामले को सार्वजनिक करते हुए खनिज विभाग और सत्ताधारी नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जिले में कई भाजपा नेताओं के अवैध खनन खुलेआम चल रहे हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। उनका आरोप है कि यदि कभी कार्रवाई होती भी है तो महज 100 या 200 रुपये का जुर्माना लगाकर मामला खत्म कर दिया जाता है, जबकि छोटे ठेकेदारों को निशाना बनाया जाता है।

**कसूर सिर्फ इतना कि उसने हमारा साथ दिया:** जीवनसिंह शेरपुर ने कहा कि ठेकेदार आयुष शर्मा पूरी तरह निर्दोष है और उसके खिलाफ की गई कार्रवाई राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है। उनका कहना है कि आयुष का कसूर सिर्फ इतना है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में उसने निर्दलीय चुनाव लड़ा और भाजपा का साथ छोड़कर जीवनसिंह का समर्थन किया था। जीवनसिंह ने आरोप लगाया कि यदि कोई व्यक्ति भाजपा के साथ नहीं होता, तो उसे इस तरह की कार्रवाई का सामना करना पड़ता है।

**अनुमति और रसीद दिखाने के बाद भी कार्रवाई :** मामले में ठेकेदार आयुष शर्मा ने खनिज विभाग को माइनिंग से संबंधित वैध अनुमति और रसीदें भी दिखाई, लेकिन इसके बावजूद विभाग ने कार्रवाई कर दी। इससे यह सवाल उठने लगे हैं कि आखिर जब सभी दस्तावेज मौजूद थे तो फिर इतनी जल्दबाजी में कार्रवाई क्यों की गई।

# 10,12 वीं बोर्ड मूल्यांकन में गलती रोकने डबल चेक सिस्टम

**▸ तृतीय एवं चतुर्थ चरण के मूल्यांकनकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** 10 एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से तृतीय चरण का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से तृतीय एवं चतुर्थ चरण में कार्य करने वाले मूल्यांकनकर्ताओं को प्रदान किया। प्रेक्षक डॉ. वायके मिश्रा (प्राचार्य, शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रतलाम) ने कहा कि बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है। उन्होंने सभी मूल्यांकनकर्ताओं से अपेक्षा की कि वे पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का परीक्षण करें, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी को उसके परिश्रम के अनुरूप उचित अंक प्राप्त हो सकें। प्रारंभ में मूल्यांकन अधिकारी सुभाष कुमावत ने कहा कि मूल्यांकन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए मुख्य परीक्षक विशेष रूप से 0 अंक प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं तथा 90 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली उत्तर पुस्तिकाओं का पुनः परीक्षण करेंगे, ताकि मूल्यांकन की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। वहीं उपमुख्य परीक्षक द्वारा परीक्षकों द्वारा जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं का शत-प्रतिशत परीक्षण किया जाएगा, जिससे मूल्यांकन कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। मास्टर ट्रेनर गिरीश सारस्वत ने विषयवार मूल्यांकन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर सहायक मूल्यांकन अधिकारी माया मौर्या, विशेष मूल्यांकन अधिकारी डॉ. ललित मेहता, मास्टर ट्रेनर्स गिरीश सारस्वत, प्रदीप शर्मा, शरद शर्मा एवं प्रेमलता व्यास की गरिमामयी उपस्थिति रहे।

**40 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का हो चुका मूल्यांकन**

मूल्यांकन कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। प्रथम एवं द्वितीय चरण में कुल 61,300 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई थीं, जिनमें से लगभग 40,000 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

## पांच पर प्रकरण दर्ज

**रतलाम।** जिले में हुए विवाद में पांच लोगों ने मिलकर एक व्यति के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। उसका मोबाइल लेकर फेंक कर तोड़कर नुकसान किया। शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया। ग्राम भाटीबड़ोदिया में बलराम पिता बाबूललाल वर्मा का प्रदीप पिता सुखराम वसुनिया से विवाद हुआ। विवाद में प्रदीप ने श्याम राणा, बादल राणा, आदित्य वर्मा, गोकुल चौधरी सभी निवासी धराड़ के साथ मिलकर बलराम के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट की व जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल फेंककर तोड़ दिया।

# सत्संग और गुरु सान्निध्य से मिलता शांति, आनंद : बलदेवाचार्य महाराज



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** स्वाध्याय, सत्संग और गुरु सान्निध्य जिनके जीवन में प्रकट हो जाते हैं, उनका जीवन असीम शांति, भक्ति और आध्यात्मिक आनंद से परिपूर्ण हो जाता है। मनुष्य के जीवन में यदि धर्म, भक्ति और सदाचार का समावेश हो जाए तो वह अपने जीवन को सार्थक बना सकता है।

उक्त विचार एक दिवसीय प्रवास पर रतलाम आए जगतगुरु बाहुबली द्वाराचार्य पीठाधीश्वर श्री बलदेवाचार्य महाराज ने व्यक्त किए। श्रीदाऊजी धाम सेवा समिति के संयोजक संदीप मौर्य ने बताया कि गुरुदेव का रतलाम आगमन राजस्थान के सीकर जिले के दाऊ धाम, नीमकाथाना में 19 से 27 मार्च तक होने वाली श्रीमद्भागवत कथा एवं गोपाल गोपुष्टि महायज्ञ के पावन आयोजन के निमंत्रण के सिलसिले में हुआ था।

# दमोह हत्याकांड पर विरोध, फांसी की मांग




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** विगत दिनों दमोह जिले के किशोर भारत विश्वकर्मा की नृशंस हत्या के विरोध में श्री विश्वकर्मा काष्ठ एवं लौह कला कल्याण संगठन मध्यप्रदेश ने सर्व हिंदू समाज के साथ मिलकर मंगलवार को ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार शर्मा के नेतृत्व में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर हत्यारे को 'फांसी' की मांग की। ज्ञापन में मांग क गई है कि हत्यारे को 'फांसी की सजा' (रेयरेस्ट ऑफ द रेयर केस)। फास्ट ट्रैक कोर्ट में प्रतिदिन सुनवाई। हत्यारे के अवैध निर्माणों और आवास पर तत्काल प्रशासनिक बुलडोजर कार्रवाई। पीड़ित परिवार को 25 लाख की आर्थिक सहायता एवं एक सदस्य को शासकीय सेवा में स्थान। श्रीमती रेखा गौतम (प्रदेश अध्यक्षा, महिला मंडल, कमलेश शर्मा (प्रदेश संरक्षक), जितेंद्र शर्मा (तहसील अध्यक्ष), महिला मंडल जिला अध्यक्ष सरोज शर्मा और कार्यकारिणी अध्यक्ष संगीता शर्मा, रवि शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, राधेश्याम बोदलिया, जनक नागल, मांगीलाल पहलवान, राकेश शर्मा, संतोष शर्मा आदि उपस्थित थे।

## रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट व्हिस्की को नए लुक में पेश किया

**रतलाम.** पर्नोड रिकार्ड इंडिया की रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट व्हिस्की ने अपनी नई और अलग पहचान पेश की है, जो समझदारी से चयन करने की उसकी फिलॉसफी को और मजबूत करती है. यह नया लुक एक आकर्षक और ऊंचे डिजाइन के साथ पेश किया गया है, जो उन लोगों के लिए है जो चयन की शक्ति और उत्कृष्ट शिल्प की कद्र करते हैं. नए लुक में अब पहले से ज्यादा ऊंची और आकर्षक बोतल है, जो बेहद एलिगेंट दिखाई देती है. पर्नोड रिकार्ड इंडिया के जीएम-मार्केटिंग जॉयदीप बसुरॉय ने कहा रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट व्हिस्की का यह नया और अलग डिजाइन उस हर बात को दर्शाता है जिसके लिए यह ब्रांड जाना जाता है- समझदारी से चयन, प्रामाणिकता और प्रगतिशील सोच. ट्रिपल सिलेक्ट प्रॉमिस के साथ हम हर स्तर पर उत्कृष्ट शिल्पकला और अलग पहचान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से मजबूत करते हैं- चाहे वह बेहतरीन ब्लेंड हो या नया और अभिनव डिजाइन.


# आयुर्वेद की सच्चाई

## नि:शुल्क शिविर


सोराइसिस मुक्त भारत अभियान
सोराइसिस एवं चर्मरोग का सफल इलाज
जन कल्याण सेवा आश्रम समिति
सहस्त्र धारा देहरादून(उत्तराखण्ड)
के द्वारा संचालित

हिमालय की जड़ी बूँटियों को अभिमंत्रित कर तंत्र आयुर्वेद द्वारा चर्मरोग का भारत वर्ष के विभिन्न प्रदेशों में सफल इलाज
यह औषधियाँ हमारे आश्रम में अनुभवी आयुर्वेदाचार्य द्वारा अभिसिंचित कर अभिसिंचित की जाती हैं
नि:शुल्क परामर्श एवं औषधियाँ (दवाइयाँ)
समय : सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक

दिनांक : 13 मार्च 2026 दिन-शुक्रवार
आरोग्यम क्लीनिक, गोपाल मार्ग खांचरौद (उज्जैन)
दिनांक : 14 मार्च 2026 दिन-शनिवार
पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी, बड़नगर रोड, उज्जैन
दिनांक : 15 मार्च 2026 दिन-रविवार
6/54 प्रेस कॉम्पलैक्स, नवभारत प्रेस ए.बी.रोड, इन्दौर

प्रत्येक माह मिलने का समय व तारीख
1 से 4 तारीख तक — सहस्त्र धारा (देहरादून)
5 व 6 तारीख तक — पटेल नगर गाजियाबाद
11 तारीख को — नवभारत प्रेस, ए.बी.रोड, इन्दौर
12 तारीख को — पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी बड़नगर रोड उज्जैन
15 तारीख को — पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी, त्र्यंबकेश्वर नासिक महाराष्ट्र

नि:शुल्क शिविर



महामंडलेश्वर श्री श्री 1008
स्वामी महेशानन्द गिरि जी महाराज
अन्तर्राष्ट्रीय प्रवक्ता, अखिल भारतीय सनातन परिषद्
पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी सोमेश्वर धाम, नवचण्डी आश्रम, सहस्त्र धारा (देहरादून)
M: 9997450702
-:सम्पर्क सूत्र:-
9897399909
7017874646






वैद्य रामचन्द्र मिश्र, आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.)
वैद्य धनीराम चौरसिया उर्फ धर्मगिरि, आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.)
वैद्य लखन लाल दुबे
डॉ.गणेश दुबे (बी.यू.एम.एस.)
वैद्य अतुल कुमार, आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.)
वैद्य वरूण कुमार, आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.)
नकुल कुमार, आयुर्वेद फार्मासिस्ट

Regd.No. : 108/10 | Website : www.jksas.org | E-mail : info@jksas.org


**एक नजर में** ▸ रात 12 बजे से शुरु हुआ शीतलामाता पूजन दोपहर तक चला

# शीतला माता को भोग लगा आरोग्य और खुशहाली की कामना



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** नगर में शीतला सप्तमी का पर्व मंगलवार को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। सोमवार की रात करीब 12 बजे नृसिंहपुरा स्थित शीतला माता मंदिर पर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री स्व. भारतसिंह की पूत्र वधु वर्षा नीतिराजसिंह ने माता की पहली पूजा की, उसके बाद अन्य महिलाओं ने माता का पूजन प्रारंभ किया। 12 बजे से पहले ही मंदिरों पर महिलाओं की लाईन लगना प्रारंभ हुई जो मंगलवार को सुबह तक लगातार जारी रही। नगर में नृसिंह पुरा स्थित मंदिर के साथ ही मंछापूर्ण हनुमान मंदिर, मालीपुरा स्थित मठ मंदिर, इकबाल गंज स्थित हनुमान मंदिर, मित्र नगर स्थित सांवरिया सेठ मंदिर, चौपाटी स्थित अम्बामाता मंदिर, काटजु नगर स्थित दुर्गामाता मंदिर, अम्बिका सीटी होम्स स्थित माताजी मंदिर, रंगरेजगली स्थित शीतला माता मंदिर सहित अन्य स्थानों पर महिलाओं ने पहुंचकर शीतलामाता की पूजन किया। वहीं अपने घरों पर जाकर घरों के बाहर माता के हाथों के चिन्ह बनाए।

**बनाए पकवान :** रंगपंचमी से ही महिलाओं ने अपने अपने घरों में विभिन्न पकवान बनाना प्रारंभ कर दिए थे, सोमवार की शाम को ही मंगलवार के लिए भोजन बना कर रख दिया। वहीं माता को चढ़ाने के लिए चावंल, थुल्ली, ढोकलें तथा आटे के गहने बनाकर माता को अर्पित किए। वहीं मंगलवार को अधिकांश महिलाओं ने व्रत भी रखा। माता को ठंडा भोजन अर्पित कर स्वयं भी ठंडा आहार ही ग्रहण किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार महिलाओं द्वारा घर की खुशहाली तथा परिवार को अरोग्य रखने के लिए यह पूजन तथा व्रत किया जाता हैं।

**माताजी प्रांगण में खेला गरबा**

श्री शीतला माता उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष यहां आयोजन किया जाता हैं। माताजी के मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई। समिति द्वारा माताजी पूजन से पहले माताजी के समक्ष गरबा खेला गया। जिसमें बड़ी संख्या में पुरुषों ने शामिल होकर माता जी भक्ति में गरबा खेला। इस दौरान नीतिराजसिंह, अनिल दसेड़ा, कैलाश बारोड़ के साथ नपा सभापति प्रतिनिधि विनोद ओरा के साथ समिति सदस्य उपस्थित रहे।